दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, शनिवार 17 अप्रैल 2021

www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

शादी समारोह में शामिल 135 लोग हुए कोरोना संक्रमित, मचा हड़कंप

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले से इस बड़ी खबर सामने आ रही है जहां एक ही गांव के 135 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सक्तीगुड़ी गांव नया हॉटस्पॉट बन गया है। 5 सौ की आबादी वाले गांव में अब तक 135 लोग संक्रमित पाए गए हैं। फिलहाल सभी का उपचार होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बलौदा ब्लॉक के सक्तीगुड़ी में हाल ही में शादी समारोह संपन्न हुआ है। बताया जा रहा है कि गांव के लोग वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। वहीं तबीयत खराब होने पर कोरोना की जांच कराई तो 135 की रिपोर्ट पॉजिटिव आया। वहीं अब गांव के मुख्य द्वार पर बेरिकेटिंग कर सील कर दिया गया है।

आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग ने की आत्महत्या

महासमुंद (आरएनएस)। पटेवा क्षेत्र के ग्राम ओडार निवासी 68 वर्षीय पल्टन ध्रुव आर्थिक स्थिति से तंग आकर 14 अप्रैल सुबह चार बजे अपने ही घर के म्यार में फंसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया । पुलिस के अनुसार मृतक की आर्थिक स्थित खराब थी । इससे वह आए दिन परेशान रहता था ।

21 किलो के साथ दो अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय स्थित एसबीआई चौक पर फिक्स पाइंट में वाहनों एवं राहगीरों की जांच के दौरान एक हीरो होण्डा ग्लैमर मोटर सायकल में 02 संदिग्ध भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हें ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक अभिलाषधर दीवान एवं हमराह आरक्षकों के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। आरोपियों ने अपना नाम गोपाल सिंह और शिवप्रसाद सिंह दोनो निवासी सोनभद्र उत्तरप्रदेश का होना बताये। जिनके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर 21 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी बाईक चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी बाईक चोरी हो जाने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे कालोनी रावनभांठा जोन 02,चरौदा जिला दुर्ग निवासी पी.सत्यनारायण 29 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी एम्स अस्पताल रायपुर में गार्ड का काम करता है। 28 मार्च को प्रार्थी ने अपनी मोटरसाइकिल सीबी साईन क्रमांक सीजी 07 बीजे 0370 एम्स अस्पताल के गेट नंबर 04 क पार्किंग में खड़ी कर हास्पिटल के अंदर ड्यूटी करने चला गया। जब दोपहर वापस आया तब बाईक गंतव्य स्थान पर नही मिली। घटना की रिपोर्ट 16 अप्रैल को थाने में दर्ज करायी गई है। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना की दहशत

कोरबा (आरएनएस)। कोरोना की रफ्तार थामने की तमाम कोशिशें बेकार साबित हो रही है। रोजाना मरीजो के सामने आ रहे आंकड़े आम जनता के साथ ही प्रशासन के लिए चिंता का सबब बने हुए है। शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीणों क्षेत्रों में भी कोरोना सुनामी की तरह फैल रहा है यही वजह है कि रोकथाम के तमाम उपायों पर बड़ी गंभीरता के साथ विचार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत रजगामार और कोरकोमा में संक्रमण को नियंत्रित करने पुलिस अपना पूरा जोर लगा रही है। लोगो को घरों तक सीमित रखने गुरुवार को पुलिस ने दोनों ही पंचायतों का दौरा किया और लोगो से मास्क पहनने की अपील करने के साथ ही सामाजिक दूरी का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया।

छत्तीसगढ़ राज्य में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं

वर्तमान में ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मरीजों को जरूरत पड़ रही है 110.30 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की, जबकि छत्तीसगढ़ में रोजाना हो रहा है कुल 386.92 मीट्रिक टन ऑक्सीजन

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना संक्रमित एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए ऑक्सीजन गैस की कोई कमी नहीं है। 15 अप्रैल की स्थिति में राज्य में प्रतिदिन 386.92 मीट्रिक टन ऑक्सीजन गैस का उत्पादन राज्य में हो रहा है, जबकि वर्तमान में ऑक्सीजन सपोर्ट वाले 5 हजार 898 मरीजों के लिए प्रतिदिन 110.30 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की ही जरूरत पड़ रही है।

राज्य के सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में डिमांड के अनुरूप ऑक्सीजन गैस की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। कोविड-19 मरीजों के लिए स्थापित कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल, कोविड केयर सेंटर्स में ऑक्सीजन प्लांट जम्बो ऑक्सीजन सेलेण्डर एवं ऑक्सीजन कंसनटेव्टर के द्वारा मरीजों को ऑक्सीजन की निरंतर उपलब्ध कराई जा रही है। कोरोना पीडित मरीजों की मृत्यु गंभीर संक्रमण एवं बीमारी की वजह से हो रही है। ऑक्सीजन की कमी की वजह से मरीजों की मृत्यु की बात बिल्कुल भ्रामक है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में बीते 14 मार्च से ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि होने से ऑक्सीजन खपत भी बढ़ी है। 14 मार्च की स्थिति में राज्य में ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मात्र 197 मरीजों के लिए 3.68 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आवश्यकता थी, जो आज 15 अप्रैल की स्थिति में बढ़कर 110.30 मीट्रिक टन हो गई है। 15 अप्रैल की स्थिति में ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मरीजों की संख्या 5 हजार 898 है।

निर्माता मेसर्स लूपिन गैस उरला द्वारा प्रतिदिन 9.32 मीट्रिक टन, मेसर्स स्टील अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड भिलाई स्टील प्लांट द्वारा 15 मीट्रिक टन, मेसर्स पी.एस गैस कुरांडी जगदलपुर द्वारा 2.8 मीट्रिक टन, मेसर्स विद्या गैस इंडस्ट्रिज सूरजपुर द्वारा 5.45 मीट्रिक टन, मेसर्स सर्वमंगला गैस रजगामर रोड कोरबा द्वारा 5 मीट्रिक टन, मेसर्स अतुल ऑक्सीजन कम्पनी रसमड़ा दुर्ग द्वारा 7.8 मीट्रिक टन, मेसर्स अतुल ऑक्सीजन कम्पनी नंदनी रोड भिलाई द्वारा 7.8 मीट्रिक टन, मेसर्स सिद्धि विनायक रायगढ़, मेसर्स सतुगुरू ऑक्सीजन कम्पनी बिलासपुर द्वारा 5-5 मीट्रिक टन, मेसर्स जीपी गैसेस जगदलपुर, मेसर्स जीएनएस गैसेस, मेसर्स श्री कृष्णा ऑक्सीजन उरला रायपुर एवं श्री रायपुर सीमेंट प्लांट सिमगा बलौदाबाजार, श्री बालाजी एयर प्रोडक्ट कोरबा द्वारा 1-1 मीट्रिक टन, मेसर्स ऋषि गैसेस द्वारा 2.95 मीट्रिक टन, मेसर्स श्री बालाजी गैसेस रजगामार रोड कोरबा, मेसर्स रामा गैसेस सोमनी राजनांदगांव तथा मेसर्स श्री बालाजी गैसेस सिरगिट्टी बिलासपुर द्वारा 2-2 मीट्रिक टन, मेसर्स विंध्याचल ऑक्सीजन गिरवानी रोड रायगढ़ द्वारा 5.4 मीट्रिक टन, मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायपुर द्वारा 3.12 मीट्रिक टन, मेसर्स अमृत मेटल एण्ड गैसेस उरला रायपुर द्वारा 1.09 मीट्रिक टन, मेसर्स पंकज ऑक्सीजन लिमिटेड उरला रायपुर द्वारा 6.23 मीट्रिक टन, मेसर्स बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड तंडवा तिल्दा द्वारा 13.65 मीट्रिक टन, मेसर्स रायपुर कार्बोनिक्स उरला रायपुर द्वारा 3.64 मीट्रिक टन, मेसर्स महामाया स्टील सरोरा रायपुर द्वारा 1.87 मीट्रिक टन, मेसर्स नहाटा मेटल एण्ड एयर प्रोडक्ट द्वारा 34.2 मीट्रिक टन तथा मेसर्स साकेत इंडस्ट्रियल द्वारा 22.8 मीट्रिक टन ऑक्सीजन गैस का प्रोडक्शन रोजाना किया जा रहा है। मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड खरसिया रोड रायगढ़ द्वारा 15 मीट्रिक टन तथा मेसर्स प्रॉक्सीया इंडिया लिमिटेड भिलाई स्टील प्लांट भिलाई द्वारा 195 मीट्रिक टन एलएमओ (लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन गैस) का उत्पादन प्रतिदिन किया जा रहा है।

लॉकडाउन में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे सब्जी व फल बिक्रेता

दुर्ग (आरएनएस)। लॉकडाउन में जब सबकुछ बंद है तब भिलाई क्षेत्र में सड़कों पर जगह-जगह सब्जी व फल बेचने की वजह से भीड़ एकत्रित हो रही है। जिसके चलते कोरोना स्प्रीड बढ़ सकता है। कलेक्टर द्वारा लगाए गए लॉकडाउन का मुख्य उद्देश्य कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकना है। बिक्रेताओं द्वारा खुले आम सब्जी तथा फलों की ब्रिकी किये जाने से कोरोना संक्रमण को बढ़ाने के अलावा और कुछ नही है। भिलाई क्षेत्र में बोरिया गेट चौक के पास,खुर्सीपार गेट,सेक्टर 5 मानोमेंट चौक ,मरौदा सेक्टर ,रिसाली सेक्टर,सहित अनेक क्षेत्रों में कुछ लोगों के द्वारा सुबह तथा शाम को रिक्सा ठेला,तीन पहिया वाहनों एवं साईकिल तथा बाईक से जगह-जगह सब्जी तथा फलों की खुलेआम बिक्री किया जा रहा है। जिसके चलते सब्जी व फल खरीदने के लिये लोगों की भीड़ एकत्रित हो रही है। जिसके चलते क्षेत्र में कोरोना संक्रमण बढ़ने की आशंका है। पुलिस प्रशासन द्वारा कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने के लिये कहा गया है किन्तु खुलेआम ब्रिकी होना जिला प्रशासन की लापरवाही को प्रमाणित करते हुये कोरोना संक्रण की रफ्तार को कम करने में नही बल्कि बढ़ाने में सहायक हो रहा है। क्षेत्र के अनेक जागरुक संगठनों ने कलेक्टर दुर्ग से लॉकडाउन की सख्ती से पालन कराने की मांग करते हुये जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ लॉकडाउन को हल्के में लिये जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाही की मांग की है।

शादी का झांसा देकर कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म, युवक पर अपराध दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। कॉलेज छात्रा से रायपुर में रहने के दौरान शादी करने का झांसा देकर उसके साथ अनेक बार शारीरिक संबंध स्थापित करने और बाद में शादी से मुकर जाने वाले युवक की तलाश रायपुर पुलिस कर रही है। उसके विरूद्ध थाना कबीर नगर रायपुर में दुष्कृत्य का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार मूलतः कांकेर निवासी युवती रायपुर के टिकरापारा में रहकर एक कॉलेज में अध्ययनरत थी। 12 मार्च 2020 से 6 मार्च 2021 के मध्य मूलतः बालको में निवासरत मनीष शुक्ला नामक युवक ने उसके साथ प्रेम बढ़ाया और शादी का प्रलोभन देकर अपने और युवती के किराए के मकान में कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। मोबाइल के इंस्ट्राग्राम के माध्यम से युवती की पहचान मनीष शुक्ला से हुई थी। जो पहले दोस्ती और फिर प्यार में बदल गयी। आरोप के अनुसार युवक 12 मार्च को कबीर नगर स्थित अपने मकान में युवती को ले गया और माता-पिता से मिलाने की बात कही लेकिन माता-पिता से नहीं मिलवाया और झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। युवक ने इस दौरान अश्लील फोटो व वीडियो भी मोबाइल पर बना लिया। इसके दूसरे दिन मंदिर जाकर युवती की मांग में सिंदूर भरा और हवन कुण्ड में 7 फेरा भी ले लिया। माता-पिता को समझाकर आर्य समाज में शादी कर लेने की बात कहता रहा और अगस्त 2020 से बतौर पति-पत्नी रखकर संबंध बनाता रहा। 6 मार्च को नाना की तबियत खराब होने की बात कह अपने घर बालको के डी.1 वार्ड 33 हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आ गया और फिर वापस नहीं लौटा। फोन करने पर गाली-गलौच कर अश्लील फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा और नंबर भी ब्लाक कर दिया। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि मनीष की मां से फोन पर संपर्क किया गया तो अभद्र व्यवहार किया गया। 14 मार्च 2021 को मनीष शुक्ला पिता शैलेष कुमार शुक्ला के बालको स्थित घर पहुंची तो लांछन लगाकर भगा दिया गया। पीड़िता ने रायपुर वापस लौटकर घटना स्थल क्षेत्र के थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बहरहाल धारा 376, 506 भादवि का जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश में रायपुर पुलिस जुटी हुई है।

राज्य में बीते दो सालों में स्वास्थ्य सुविधा हुई सुदृढ़, मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की संख्या 6 से बढ़कर 9 हुई, दो जिला चिकित्सालय, एक सिविल हॉस्पिटल स्थापित

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में बीते दो सालों में स्वास्थ्य सुविधा को जनोन्मुखी बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कारगर प्रयास किए गए हैं। इसके चलते राज्य के स्वास्थ्यगत अधोसंरचना में बढ़ोतरी होने के साथ ही स्वास्थ्य अमले में भी वृद्धि हुई है। बीते दो सालों में राज्य में मेडिकल कॉलेज अस्पतालों की संख्या 6 से बढ़कर 9, जिला चिकित्सालयों की संख्या 26 से बढ़कर 28 तथा सिविल अस्पताल की संख्या 19 से बढ़कर 20 हो गई है। बीते दो सालों में 50 बिस्तर वाले 15 तथा 100 बिस्तर वाले 6 एमसीएच अस्पताल स्थापित किए गए हैं। इस अवधि में 6 नए उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थापित किया गया है।

राज्य में बीते दो सालों में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि विशेषज्ञ, चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों सहित मेडिकल स्टाफ की संख्या 18,458 से बढ़कर 20,405 हो गई है, जिसमें विशेषज्ञ, चिकित्सकों की संख्या 175 से बढ़कर 319, चिकित्सा अधिकारियों की संख्या 1359 से बढ़कर 1818 और स्टाफनर्स की संख्या 2580 से बढ़कर 4091 हो गई है। वर्तमान में 300 चिकित्सा अधिकारियों, 92 स्टाफ नर्स, 50 मेडिकल लैब टेक्नॉलाजिस्ट तथा 146 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) की भर्ती प्रक्रियाधीन है।

राज्य के नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान योजना के साथ-साथ मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संजीवनी सहायता कोष, मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना एवं चिरायु योजना संचालित की जा रही है। उक्त सभी योंजनाओं को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, आयुष्मान योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना में समाहित किया गया है। राज्य में दिसम्बर 2018 की स्थिति में आयुष्मान कार्डधारियों की संख्या मात्र 2,23,793 थी, जो आज की स्थिति में बढ़कर एक करोड़ 13 लाख 57 हजार 441 हो गई है। इससे राज्य के नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ शासकीय एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में सहजता से उपलब्ध होने लगा है। राज्य में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पाने वाले परिवारों की संख्या 56 लाख से बढ़कर 67 लाख हो गई है। जिसमें से 56 लाख बीपीएल परिवारों को सालाना 5 लाख रूपए तथा 9 लाख एपीएल परिवारों को प्रति वर्ष 50 हजार रूपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत राज्य के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदाय की जा रही है।

तेज रफ्तार ट्रेलर की ठोकर से ओवहरब्रिज के नीचे लगाए गए स्टापर क्षतिग्रस्त , चालक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्रेलर ओवहरब्रिज के नीचे लगा स्टापर को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके चलते ड्यूटी पर तैनात यातायात कर्मचारी घायल होने से बचे। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज करायी गई है कि आमासिवनी ओवहरब्रिज के नीचे कोविड-19 लाकडाउन डियुटी पर गैसराम कोसरिया यातायात आरक्षक श्रीकांत मिश्रा, नरेन्द्र देवागंन, सैनिक 577 के खड़ा था। शाम 6.00 बजे लगभग ट्रेलर क्रमांक एमएच 12 एलटी 5229 का चालक जिसे आमासिवनी ओवहरब्रिज के नीचे से भनपुरी मार्ग की तरफ जाना था। जो तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये शहर मार्ग की ओर जाने के लिए लगाये गये स्टापर के उपर वाहन चढ़ा दिया। जिससे स्टापर क्षतिग्रस्त हुआ। ट्रेलर चालक द्वारा यातायात संकेतो का उल्लघंन कर तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये चौक पर ड्यूटीरत कर्मचारी के जीवन पर संकट उत्पन्न किया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

भिलाई निगम क्षेत्र में 42 और नई राशन दुकानें खुलेंगी

» नए राशन दुकानों का हुआ आवंटन, लोगों को भीड़ से मिलेगी मुक्ति

भिलाईनगर (आरएनएस)। भिलाई निगम क्षेत्र में 42 नई उचित मूल्य दुकान खोली जाएंगी। अब राशनकार्ड के हितग्राहियों को राशन के लिए लंबी लाइन से निजात मिलेगा। निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नए राशन दुकान खुलने से राशन लेने वालों की भीड़ में कमी आएगी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नए दुकान खोलने के लिए निगम क्षेत्र की 42 महिला स्व सहायता समूहों को राशन दुकान संचालित करने उन्हें आवंटन किया जा चुका है, अब दुकान शुरू करने तैयारी की जा रही तैयारी पूर्ण होते ही शीघ्र ही नए

राशन दुकानों को शुरू किया जाएगा, जहां शासन द्वारा मिलने वाली सामानों को हितग्राही ले सकेंगे। निगम क्षेत्र में वर्तमान में 198 राशन दुकान है, अब 42 नए दुकान खुलने से कुल 240 दुकानें हो जाएंगी। खाद्य विभाग के चंद्रपाल हरमुख ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र 6 प्रकार के राशनकार्ड के हितग्राहियों को राशन प्रदान किया जाता है जिसके अंतर्गत अंत्योदय वाले राशनकार्ड 24158, निराश्रित राशनकार्ड 329, अन्नापूर्णा राशनकार्ड 48, प्राथमिकता वाले राशनकार्ड 58362, निःशक्तजन राशनकार्ड 536 तथा सामान्य एपीएल राशनकार्ड 55911 हितग्राही है, इस तरह भिलाई निगम क्षेत्र में कुल 139344 लोगों के पास राशनकार्ड है, जिन्हें वर्तमान में निगम क्षेत्र में संचालित 198 राशन दुकानों से राशन सामान प्रदाय किया जाता है। अब आवंटित किए गए 42 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा राशन दुकान खुलने से हितग्राहियों से सहुलियत होगी। राशन दुकान में राशन लेने के लिए लगने वाली लंबी कतारों की समस्या से भी निजात मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ माह में कोरोना टेस्टिंग की संख्या में हुआ डेढ़ गुना का इजाफा

» छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन कोरोना जांच का औसत देश के औसत से अधिक

» राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी एंटीजन टेस्ट की सुविधा

» राज्य में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने युद्ध स्तर पर प्रयास जारी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में कोरोना संक्रमण की रोकथाम, संक्रमित मरीजों की पहचान और उपचार के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है। राज्य में वर्तमान में रोजाना 47 हजार से अधिक लोगों की कोरोना टेस्टिंग की जा रही है। मार्च माह में टेस्टिंग की संख्या प्रतिदिन औसतन 30 हजार थी, जो



अप्रैल माह में बढ़कर 47 हजार से अधिक हो गई है। माह जनवरी 2021 में रोजाना औसत टेस्टिंग 22 हजार 761 थी, इस लिहाज से देखा जाए तो कोरोना टेस्टिंग की संख्या में लगभग 3 गुना का इजाफा हुआ है। राज्य का प्रतिदिन टेस्ट 1620 (प्रति 10 लाख जनसंख्या के मान से) है, जबकि देश का औसत 1018 है। राज्य में 31 शासकीय तथा 5 निजी लैब्स में ट्रू नाट जांच की सुविधा उपलब्ध है। राज्य के 7 शासकीय लैब एवं 5 निजी लैब में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी रेपिड एंटीजन टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में हो रही कुल कोविड जांच में आरटीपीसीआर जांच के प्रतिशत में अक्टूबर 2020 की तुलना में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल माह में आरटीपीसीआर की जांच का प्रतिशत 40 हो गया है। महासमुन्द, कांकेर और कोरिया में 4 नई शासकीय आरटीपीसीआर लैब की स्थापना की जा रही है। प्रत्येक जिले में अतिरिक्त मशीन प्रदाय कर ट्रू नाट लैब की जांच क्षमता बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में राज्य में कोरोना के कुल 1 लाख 18 हजार 636 एक्टिव केस है, जिनमें से अधिकांश केस रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बिलासपुर, महासमुन्द, कोरबा और बेमेतरा जिले में है। राज्य में अब तक 63 लाख 62 हजार 947 कोरोना जांच में 4 लाख 86 हजार 244 कोरोना के चिन्हित प्रकरण मिले जिसमें से 3 लाख 62 हजार 301 मरीज स्वस्थ्य हो चुके हैं, शेष इलाजरत है। राज्य में वर्तमान में कोरोना संक्रमण को देखते हुए 604 कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए हैं, अधिकांश कंटेनमेंट जोन रायपुर, राजनांदगांव, कोरबा एवं गरियाबंद जिले में है, जहां घर-घर जाकर एक्टिव सर्विलेंस एवं टेस्टिंग की जा रही है। राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज और एम्स रायपुर सहित 36 डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल एवं 137 कोविड केयर सेंटर तैयार किए गए हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU